**खबर संक्षेप**

## सीईओ जिला पंचायत ने जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों का किया निरीक्षण



**मण्डला।** मवई विकासखण्ड के भ्रमण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने शनिवार को लालपुर कीकरा में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सार्वजनिक कूप और डगवेल रिचार्ज पिट के कार्यों का निरीक्षण किया। सीईओ जिला पंचायत ने कार्यों की प्रगति के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ने कहा कि मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद कुओं की समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कूप में क्लोरीनेशन करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जनपद पंचायत मवई सहित संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। मवई विकासखंड अंतर्गत ग्राम लालपुर में जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभिनव पहल 'बीजांकुर अभियान (बीज से वृक्ष तक)' कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने महिलाओं के साथ स्वयं भी सीड बॉल बनाए। सीईओ जिला पंचायत ने महिलाओं से चर्चा करते हुए कहा कि बीजांकुर अभियान को सफल बनाने में आप सभी बहनों का सहयोग आवश्यक है। बनाये जा रहे इन सीड बाल को मानसून आने पर खाली भूमि पर स्थापित करते हुए पर्यावरण संरक्षण की इस पहल में अपना योगदान देना है।

### सुरक्षा के दृष्टिकोण से खतरनाक साबित हो रहे ये घाट

# ऐतिहासिक नर्मदा घाटों की अनदेखी क्यों?

*** प्रशासनिक उदासीनता के चलते हुए अनुपयोगी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

माँ नर्मदा एक गले की हर की तरह से मंडला माहिष्मती नगरी को सुंदरता एवं मनोहरता प्रदान करती हैं इस हार में हर कुछ दूरी पर बने सुंदर मनोरम घाट हार में जड़े मोती एवं हीरे की तरह से शोभायमान होते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ समय से प्रशासनिक दूरदर्शिता के अभाव में विकास के गलत मापदंडों के चलते ये घाट अब न केवल अपना ऐतिहासिक महत्व खोते जा रहे हैं बल्कि पहले जहां ये सुविधाजनक हुआ करते थे वहीं अब सुरक्षा के दृष्टिकोण से खतरों से खाली नहीं है अधिकांश घाटों में जहां नर्मदा जल ही उपलब्ध नहीं है तो बहुत से घाट कटाव के चलते नीचे खोखले हो चुके हैं और कभी भी धराशाई हो सकते हैं।

यदि हम प्रारंभ करें तो सूर्यकुंड धाम से लेकर नर्मदा रपटा घाट तक ऐसी ही स्थिति निर्मित हो चुकी है सूर्यकुंड धाम में पक्के घाट में नर्मदा का जल आचमन लायक भी मौजूद नहीं लिहाजा बगल में कच्ची संरचना बनाकर बांस बल्लीयो के सहारे पूजन लायक स्थिति बनाई जाती है जहां पर किसी तरह से खड़े होकर श्रद्धालु जन आचमन कर दीपदान कर पाते हैं।

तो थोड़ा आगे बढ़े हनुमान घाट की भी यही स्थिति हो चुकी है इस घाट पर पक्के निर्माण के नीचे कटाव के चलते खोह की स्थिति बन चुकी है जिसमें हमेशा खतरा इस बात का बना रहता है कि कब ऊपर की सीढ़ियां भरबरा कर गिर जाए नहीं कह सकते सीढ़ी एवं नर्मदा जल की दूरी इतनी हो चुकी है कि झुक कर भी आचमन या माँ नर्मदा के जल को स्पर्श करना बड़ा मुश्किल होता है इसके आगे चलेंगे तो बड़ी खैरी छोटी खैरी टंकी घाट एवं पीपल घाट की भी कमोबेश यही स्थिति है यहां मिट्टी एवं कीचड़ इतना जमा हो चुका है कि पैर रखते ही अजीब सी कसमसाहट श्रद्धालु जन महसूस करते हैं इन घाटों के बगल से बहते गंदे नाले सीधे पूरे वार्डों की गंदगी इन घाटों तक पहुंचा रहे हैं पूजन पाठ के दृष्टिकोण से यह



घाट भी अनुपयोगी साबित हो रहे हैं।

थोड़ा और आगे चलते हैं तो चिरामन घाट एवं कबीर आश्रम घाट भी यही कहानी बयां करते हैं इससे आगे सबसे महत्वपूर्ण धर्मशाला घाट एवं रंगरेज घाट है इन घाटों का बड़ा ही ऐतिहासिक महत्वपूर्ण इतिहास रहा है नगर के लगभग सभी प्रसिद्ध पर्व एवं त्योहार इन्हीं घाटों में बनाए जाते रहे हैं लेकिन अब स्थिति यह बन गई है कि इन महत्वपूर्ण पर्वों में भी लोग इन घाटों से परहेज करते नजर आते हैं इसके पीछे महत्वपूर्ण कारण यह है कि घाट की लगातार अनदेखी एवं कटाव के चलते ये इतने खतरनाक हो चुके हैं की सुरक्षा कारणों से यहां लोग अधिक संख्या में एक साथ एकत्रित नहीं होते और तो और पुरानी धर्मशाला के अस्तित्व पर भी संकट मंडरा रहा है और यहां से आगे बढ़ेंगे तो बनिया घाट एवं वैद्य घाट की भी स्थिति मिट्टी के जमाव के कारण औचित्यहीन हो चुकी है हालांकि स्थानीय लोगों के लगातार प्रयास से इन्हें सहेजने का अवश्य प्रयास किया जा रहा है इसके सामने पूर्व की ओर राधा कृष्ण मंदिर के घाट में भी मिट्टी का इतना अधिक जमा हो चुका है कि घाट की सीढ़ियां नर्मदा जल से लगभग 15 से 20 फीट दूर हो चुकी है सामने सतखंडाघाट में कटाव के चलते सीढ़ियां खोखली होती जा रही हैं संगम घाट एवं नाव घाट में टनो मिट्टी का जमाव हो चुका है नाव घाट तो मिट्टी में ही दफन हो चुका है जबकि एक समय साल भर यहां से नौका संचालन का कार्य होता था बाबा घाट नानाघाट जेल घाट और दूसरी ओर नावघाट पथरेता घाट ऋषि घाट एवं मंगलेश्वर घाट से होते हुए दादा धनीराम आश्रम तक की स्थिति अत्यंत ही दयनीय हो चुकी है।

इस समस्या के पीछे विशेषज्ञ दो कारण बताते हैं एक तो झूला पुल एवं खड़देवरी बाईपास के पुल के निर्माण के दौरान जो सैकड़ो डंपर मिट्टी मुर्रम नर्मदा जी में डाली गई थी उसे उठाया नहीं गया था और वही इन घाटों की दुर्दशा का एक बड़ा कारण है दूसरा कारण नर्मदा घाट में जब से बैराज का निर्माण हुआ है तब से ही घाटों में मिट्टी का जमाव बढ़ता जा रहा है अब यह तो जांच का विषय है कि इन दोनों में से कौन सा कारण ज्यादा जिम्मेदार है अब जबकि बंजर पुल का भी निर्माण कार्य जारी है यहां भी कमोबेश ऐसी ही स्थिती है और बारिश आने वाली है यहां से भी यदि मिट्टी मोरम को नहीं हटाया गया तो घाटों की स्थिति और भी भयावह हो जाएगी प्रशासन को चाहिए कि इस ओर गंभीरता से ध्यान देते हुए जहां कटाव एवं मिट्टी के जमाव के विरुद्ध कोई ठोस कार्यक्रम बनाए नहीं तो ऐसे विकास कार्यों के परिणाम स्वरुप घाटों का दफन होना लगातार जारी रहेगा विकास कार्यक्रम पर प्रशासन को शासन को ध्यान देना चाहिए जिसके चलते नर्मदा घाटों की दुर्दशा जो हो रही है उसे रोका जाए और जर्जर घाटों के पुनर्धवार की दिशा में भी शीघ्र प्रयास करने होंगे।









# जल गंगा संवर्धन अभियान : दीपों से जगमगायी प्राचीन बावड़ी

*** जन अभियान परिषद् ने किया बावड़ी उत्सव का आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कुमट के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मध्यप्रदेश जन परिषद मंडला द्वारा महाराजपुर संगम घाट स्थित बावड़ी में ₹बावड़ी उत्सव₹ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर परम पूज्य संत श्री भीमदेव जी आचार्य काशी विश्वनाथ वैदिक गुरुकुल एवं मां नर्मदा गौशाला जिलहरी घाट, गाजीपुर, परम पूज्य साध्वी मनीषा दीदी सिलपुरा आश्रम मंडला, श्री सी.एल. वर्मा संयुक्त कलेक्टर एवं राजेंद्र चौधरी जिला समन्वयक शामिल हुए। मां नर्मदा जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा जिला समन्वयक श्री राजेंद्र चौधरी ने रखी। संत श्री भीमदेव जी आचार्य ने कहा कि बावड़ियाँ वर्षा के पानी को एकत्रित करने और भूजल स्तर को बनाए रखने के लिए बनाई जाती थीं। शुष्क क्षेत्रों में, वे जल उपलब्धता में मौसमी उतार-चढ़ाव से निपटने में मदद करते थे। इसी कड़ी में पूज्य साध्वी मनीषा दीदी ने कहा कि बावड़ियाँ सामाजिक मेलजोल के लिए एक जगह थीं, क्योंकि वे अपने आसपास के इलाकों की तुलना में ठंडी रहती थीं और लोगों को गर्मी से राहत मिलती



थी। कार्यक्रम में महाराजपुर संगम घाट की प्राचीन बावड़ी को रंग रोगन, रंगोली, दीपों एवं लाईट से सजाया गया, साथ ही उपस्थित अतिथियों द्वारा पूजन अर्चन किया गया तत्पश्चात मां नर्मदा जी की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान विकासखंड समन्वयक संतोष कुमार झारिया, अनिल कुमार मेहरा, श्रीमती कीर्ति कुरील, श्रीमती सीता उईके, कार्यालय स्टॉप शशि भूषण, बसंत नागेश्वर, समस्त मेंटर्स, समस्त छात्र-छात्राओं, समस्त नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधिगण, प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधिगण एवं स्थानीय शहर वासियों की उपस्थिति रही।

### उन्नीसवीं शताब्दी में बनायी गयी थी महाराजपुर की बावड़ी

बाबडी का निर्माण कार्य ईस्वी सन 1890 का बताया जाता हैं, इस बावड़ी की संरचना ऐसी हैं कि इसमें नर्मदा जलधारा हमेशा बनी रहती हैं। जब इसका निर्माण हुआ उस समय हाथ से चलाने वाली मशीन लगी थी, मशीन की चकरी घुमाकर पानी पम्पिंग कर जमीन के ऊपर बने कुंयेनुमा टंकी पर चढ़ाया जाता था, फिर राजा के महल व बस्ती में भेजा जाता था। कालांतर में इसका उपयोग बगैर मशीन के होता रहा, रखरखाव व देखरेख के अभाव में लोगों ने इस बावड़ी को कूडादान बना दिया। म.प्र. जन अभियान परिषद के नेतृत्व में इस बावड़ी को श्रमदान कर साफ किया गया। संगम महाराजपुर की बावड़ी नर्मदा जी के किनारे पर हैं, गंगा दशहरा के पावन पर्व में संगम तट पर हजारों श्रद्धालु दर्शन-स्नान के लिये आते हैं।

## उमाशंकर अध्यक्ष तो बैसाखू बनें उपाध्यक्ष



मण्डला। बीते दिनों नगर के निषादराज मंगल भवन में ढीमर मांझी समाज की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वसहमति से निर्णय लेते हुए समाजिक कार्यकर्ता उमाशंकर गुड्डू सिंधिया को अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता बैसाखू नंदा को उपाध्यक्ष चुना गया है। वहीं बैठक में उपस्थित समाजिक लोगों ने निर्णय लिया कि बाकि पदाधिकारियों की नियुक्ति भी शीघ्र की जायेगी। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष उमाशंकर सिंधिया ने कहा कि समाज में एक जुटता के साथ सुख दुख में शामिल होना साथ ही समाजिक बुराईयों को समाप्त कराना उनका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि समाज में रोजगार के साथ नशामुक्ति पर भी काम किया जाएगा। इस दौरान दीनानाथ रैकवार, रमेश नंदा, शेखर सिंधिया, श्रीलाल नंदा, थामन बरमैया, ढुलीचंद नंदा, अशोक नाविक, रामकृपाल नंदा, पदमा नंदा, मनोज नंदा, परसराम नंदा, बद्री नंदा, संतोष बर्मन, अनिल माझी, सगनू नंदा सहित अनेक समाजिक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## स्वस्थ्य केंद्र बिछिया में निःशुल्क स्वस्थ शिविर आज

**भुआ बिछिया मंडला।** स्थानीय स्वस्थ केंद्र बिछिया में निःशुल्क स्वस्थ शिविर का आयोजन 8 जून को आयोजित होगा जिसकी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं सभी रोगों के चिकित्सकों को आमंत्रित किया गया है जो आज स्वस्थ शिविर में निः शुल्क चिकित्सा देंगे वहीं दवाइयां जांच सब निः शुल्क चिकित्सा की जाएगी। शिविर में भोजन की व्यस्था की गई है यह शिविर सीता राम जी महाराज योगी राज हॉस्पिटल के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर सत्य नारायण खंडेलवाल विधायक नारायण सिंह पट्टा सहित अनेक कार्य करता यहां शिविर स्थल पर कार्य करेंगे।

**कार्यवाही** | **अखबार बिक्री की आड़ में चल रहा था शराब का अवैध कारोबार।**

# बस स्टैण्ड परिसर में अवैध शराब आहता

*** लगभग 100 पाव विभिन्न तरह की शराब की गई जप्त।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

दिनांक 06.06.2025 के 04:30 बजे बिछिया बस स्टेण्ड में अवैध रूप से शराब बिक्री होने एवं कुछ लोगो के दुकान के अंदर पर्दे के पीछे बैठकर शराब पीने आहता संचालित होने की सूचना पर थाना प्रभारी बिछिया निरी. धर्मेन्द्र सिंह धुर्वे FC द्वारा हमराह स्टाफ मौके पर जाकर रेड कार्यवाही की गई जिसमे बिछिया बस स्टेण्ड में संदीप मरावी पिता सुखराम मरावीन उम्र 28 साल निवासी ग्राम कोको अवैध रूप से शराब बिक्री एवं अवैध रूप से शराब आहता संचालित करते पाया गया 04 व्यक्ति दुकान के अंदर पर्दे के पीछे शराब पीते हुये मिले दुकान की तलाशी में काउटर ड्राज के नीचे एक पेटी मे देशी मदिरा, प्लेन 40



पाव, 03 पाव एमडी रम, 07 पाव जीनियस विस्की कुल 50 पाव शराब जप्त की गई साथ ही 30 नग डिस्पोजल ग्लास, और शराब बिक्री रकम 810 रूपये पाये जाने पर जप्ती की गई है। मौके पर शराब पी रहे 04 व्यक्तियो का मेडिकल परीक्षण कराया गया। पूछताछ में आरोपी संदीप मराबी द्वारा बताया गया कि उसने अज्जू उर्फ अभय चौरसिया से दुकान किराये पर लिया है वह इसी दुकान से दैनिक भास्कर अखबार बिक्री और अवैध शराब आहता संचालित कर रहा था दुकान मालिक के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही जारी है। बस स्टेण्ड में अवैध रूप से शराब बिक्री करने एवं आहता संचालित करना पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (ए), 36 म.प्र. आबकारी अधिनियम अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान में लिया गया है।

स्थानीय बस स्टेड के सुलभ शौचायल से लगे अवैध शराब के संचालित आहता जहां यात्रियों का आना जाना जारी रहता हैं ऐसी जगह चल रहा आहता से यात्री भी परेशान होते हैं ऐसे आहता पर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए और बस स्टेड में जितने भी आहता संचालित हैं सभी बंद होने चाहिए।

## घुघरी तहसील के पेंशनरों का सम्मान समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन म.प्र. की तहसील इकाई घुघरी में पेंशनर्स का सम्मान समारोह तहसील अध्यक्ष सी.एल. भलावी व सचिव गजानंद झारिया के संयुक्त प्रयास से उपप्रांताध्यक्ष सहजिला अध्यक्ष सुरेन्द कुमार जैन के मुख्य आतिथ्य, घुघरी सरपंच श्रीमति यशोदा मरावी की अध्यक्षता व श्रीमति गीता मरावी जिला जनपद सदस्य, कार्यकारिणी अध्यक्ष डॉ. गोपाल कछवाहा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद सुरेश्वर, संभागीय सचिव यशवंत डिके, सचिव बलराम पाल, कोषाध्यक्ष एस.एन. अली व मण्डला तहसील अध्यक्ष नागेन्द्रनाथ चौरसिया के विशिष्ट आतिथ्य में ग्राम पंचायत भवन में आयोजित किया गया।


मंचासीन अतिथियों व समस्त पेंशनरों के सम्मान पश्चात नवागत पेंशनरों - हेमन्त तिवारी, रेवा राम ठाकुर, सी.एस. धुर्वे व के.के. तेकाम को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष भलावी के द्वारा स्वरचित रचना ''पेंशनर्स किसे कहते हैं'' कि प्रस्तुति के माध्यम से शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, पुलिस विभाग, कृषि विभाग व वन विभाग से सेवा निवृत्त कर्मचारियों के उत्कृष्ट योगदान का उल्लेख किया गया। सचिव गजानंद झारिया ने घुघरी इकाई द्वारा किये जा रहे कार्यो का उल्लेख किया गया, वर्तमान सत्रावधि में चार स्वर्गीय पेंशनरों के परिवार जनो को पाँच-पाँच हजार की आर्थिक मदद प्रदाय की गई, यह संभव हुआ है, पेंशनरों के सहयोग से स्थापित कोष के ब्याज के माध्यम से। इसी क्रम में विधायक निधि से निर्मित पेंशनर्स भवन में अतिरिक्त सुविधाओं की पूर्ति हेतु राशि पेंशनरों के द्वारा जुटाई जा रही है। उद्बोधन कड़ी में श्रीमति गीता मरावी जिला जनपद सदस्य ने अवकाश नगदीकरण के लाभ से शिक्षकों को वंचित किये जाने संबंधी बात रखी गयी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद सुरेश्वर, संभागीय सचिव डिके, कार्यकारी जिला अध्यक्ष डॉ. गोपाल कछवाहा ने संगठन की उपादेयता से अवगत कराया। यह आव्हान किया गया कि प्रत्येक पेंशनर्स कम से कम दो पेंशनरों को संगठन से जोड़ने का कार्य करें। जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार जैन ने 13 मई 2025 को स्थगित किये गये अंदोलन की पृष्ठभूमि व पांच सूत्री ज्ञापन की प्रमुख मांगों पर शासन की सहमति प्राप्त होने संबंधी बातो से अवगत कराया। कार्यक्रम में सेंट्रल बैंक मेंनेजर अर्जुन सिंह उइके की गरिमामय उपस्थिति रही। उनके द्वारा पेंशनरों के हितार्थ किये जाने वाले कार्यों की जानकारी दी गई। समापन बेला में मंचासीन व उपस्थित 48 महिला पुरूष पेंशनरों को ''छतरी'' भेंट कर सम्मानित किया गया। तदुपरांत सभी सहभोज में सम्मिलित हुये।

# शहर में हर्षोल्लास से मना ईद का त्यौहार

## मुस्लिम भाईयों ने एक दूसरे के गले मिलकर दी ईद की बंधाईयाँ









हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

हमारे नगर में जिस प्रकार से सभी धर्मो के त्यौहार मिल जुलकर मनाने व एक दूसरे का सहयोग करने की जो परम्परा रही है उसी परम्परा के तहत कल शनिवार को भी मुस्लिम सामाजिक बंधुओं द्वारा ईद का त्यौहार बडे ही धूमधाम के साथ मनाया गया। ज्ञात हो कि जिस तरह सभी वर्ग के लोगों के त्यौहारों में एकता देखने मिलती है उसी प्रकार से इस वर्ष भी सामूहिक रूप से ईदगाह सहित अन्य जगहों पर नमाज अदा करते हुये एक दूसरे के गले मिलकर मुबारक वार्ड दी गई। बताया जाता है कि मुस्लिम बंधुओं के प्रमुख माने जाने वाले इस त्यौहार के मौके पर मुस्लिम बोहरा समाज बंधुओं का ईद अजहा का त्यौहार एक दिन पहले मनाने के बाद मुस्लिम समाज के ईद ज्जुहा यानि की बकरा ईद का त्यौहार शहर में भाईचारे व शांति मनाया गया। बताया जाता है कि बकरीद का त्यौहार कुर्बानी बलिदान का संदेश मानव जाति को देता है इसका सीधा अर्थ खुदा के बताये हुये मार्ग पर चलना होता है मुसलमानों का बेहद खुशी का त्यौहार ईद उल ज्जुहा पर नगर के सभी लोगों ने खुशनुमा अंदाज में ईद मनाते हुये एक दूसरे के गले मिलकर खुशिया बांटते हुये सद्भावना का संदेश दिया। ईद के चलते सुबह 8 बजे से 9.30 बजे तक मस्जिदों में नमाज अदा की गई । ईदगाह में होने वाली सामूहिक नमाज होने के बाद मस्जिदों में नमाज अदा की गई जिसके चलते जामा मस्जिद नमाज आफिज जुबेर आलम साहब ने पढ़ाकर अल्लाह से वतन की खुशहाली व तरक्की व एकता भाईचारे के लिये दुआ मांग कर मुस्लिम भाईयों को संदेश दिया कि इस्लाम के बताये हुये रास्ते पर चलकर मोहम्मद मुस्ताफा सरकारे दो दो आलम की सुन्नत पर अमल करे। इस प्रकार ईदगाह में नमाज के उपरांत लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारक बाद देने के बाद मुस्लिम भाईयो ने कब्रिस्तान पहुंचकर मरहूमों के हक में दुआये की। इसके बाद पानी टंकी के पास छोटी मस्जिद में ईद की नमाज अदा की गई। वही नमाज अदा करने के बाद मुस्लिमजनों ने अल्लाह से शहर व प्रदेश तथा देश के निवासियों की खुशहाली की दुआएं मांगी गई। इसके उपरांत अपनी तकरीर में जामा मस्जिद कमेटी के पेश इमाम जुबैर आलम साहब ने मुस्लिम समुदाय की महिलाओं को सशक्त बनाने पर बल देते हुए व्यक्त किया कि बकरीद पर कुर्बानी देने की अहमियत इसलिए है कि खलील कबता पैगम्बर ने अल्लाह के प्रति जो समर्पण की जो मिशाल पेश की गई थी वह अद्भुत और प्रेरक है। इस दौरान उन्होंने कहा कि सदमार्ग पर चलते हुए मुस्लिम समाज के युवकों को माँ, बाप की खिदमत करना चाहिए और समाज की बेहरती के कामों में सहभागी बनना चाहिए। इस मौके पर जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष ने जामा मस्जिद कमेटी की उपलब्धियों पर रोशनी डालते हुए कहा कि मुस्लिम भाईयों को अपने बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा दिलाकर उनकी प्रगति का मार्ग प्रशस्त करते हुए समाज के हर वर्ग के लोगों की सेवा, सहायता करने में तत्पर रहना चाहिए, ईद के मौके पर नगर में शांति व्यवस्था बनाने के लिये उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा व नगर निरीक्षक विक्रम रजक सहित नपा अधिकारी वैभव देशमुख सहित आलवा प्रमोद सिंह चौहान व अन्य अधिकारियों ने जहां मुस्लिम भाईयों ईदुज्जुहा की शुभकामनाएं दी। वही जामा मस्जिद कमेटी के मेहमूद पहलवान, मुस्लिम त्यौहार कमेटी के अध्यक्ष मो. मुजीब खान, अब्दुल फिरोज खान ने ईदुज्जहा पर अपेक्षित व्यवस्थाएं बनाने के लिए पुलिस, नपा प्रशासन का आभार प्रकट करते हुए हर्ष व्यक्त किया गया। बताया जाता है कि इस दौरान शहर में तहां तहां पुलिस के जवान तैनात नजर आये। सांईखेड़ा में भी हर्ष के साथ मनाई गई ईद- इसी प्रकार से समीपस्थ सांईखेड़ा में ईद के मौके पर मुस्लिम भाईयों द्वारा मौसम को ध्यान में रखते हुये ईद की नमाज अदा करते हुए एक दूसरे को ईद की बधाई दी गई। इसके आलवा हमारे सालीचौका, चीचली, खुलरी, पलोहा, कल्याणपुर, सिहोरा बोहानी, खंजारी, बनवारी प्रतिनिधियों से मिली जानकारी के अनुसार यहां पर भी ईद का त्यौहार शांति पूर्वक व शासन के निर्देशों के तहत मनाया गया। इस संबंध में जामा मस्जिद कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मेहमूद पहलवान के अनुसार इस वर्ष पड रही भीषण गर्मी के दौर के चलते निश्चित ही लोग परेशान हो रहे है मगर संयोग से सुबह के वक्त मौसम कुछ खुशनुमा रहा जिससे ईदगाह तक लोगों को आवागमन में किसी भी प्रकार की कोई कठिनाई का सामना नही करना पड़ा है। वही मुस्लिम जनों की सुविधाओं के लिए प्रशासन की ओर से सभी व्यवस्थाएं अच्छी बनाई गई थी, वही ईद के अवसर पर गुलजार बाजार में इस बार मंहगाई ने भी खास असर नही दिखाया, जिसके कारण गरीबों, जरूरत मंदों को जकात देकर हमने उनकी आंखों में चमक लाकर उनकी ईद मनाने की खुशियाँ बढ़ाई, सचमुच इस साल ईद मनाने में भरपूर आनंद आया। वही गुड्डू भाईजान का कहना है कि हमारे नगर की परम्परा रही है कि सभी त्यौहार बड़ी धूमधाम के साथ मनाये जाते है। इसी के चलते नगर में देखा गया कि ईद के अवसर पर नगर में मुस्लिम भाईयों को सभी वर्ग के लोगों ने मिलकर ईद का त्यौहार मनाया गया और ईद की बधाई देने में कोई कसर नही छोड़ी गई, मुझे नाज है कि भाईचारे के लिए महशूर हमारे प्यार शहर में ईद का त्यौहार मिलजुलकर मनाया गया। इसी प्रकार से अब्दुल फिरोज खान बबलू का कहना है कि शासन प्रशासन की ओर से ईद पर की गई व्यवस्थाएं सराहनीय थी, जिससे उत्साह से ईद मनाने में दिक्कत नही हुई, मुझे इस बात की खुशी है कि ईद के दिन मुझे शहरवासियों की ढेरों शुभकामनाएं मिली, मुहब्बत मिली जिससे मेरे लिए इस बार ईद का त्यौहार यादगार बन गया। इसी प्रकार से मुजीब खान का कहना है कि हमारे शहर में हिन्दू, मुस्लिम त्यौहरों को सद्भाव के साथ मनाने की जो परम्परा रही है, उसी के अनुसार ईद का त्यौहार संपन्न होने की मुझे खुशी है, मुझे उम्मीद है कि आने वाले दौर में भी शहर मं ईद के समान खुशियों के रंग बिखरे रहेगे।

## खबर संक्षेप

### पति की उधारी के पैसों को लेकर युवक ने पत्नी से की मारपीट

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस शहर के माता वार्ड निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया कि उसका पति शराब पीने का आदी है और वह शराब के लिये किसी से भी पैसा उधार लेकर बोल देता है कि पत्नी से वसूल कर लेना। इसी प्रकार से पडौस में रहने वाले हक्कू जाटव से पैसा उधार लेकर शराब में खर्च कर दिये और उससे भी बोल दिया मेरी पत्नी से यह उधारी के पैसा ले लेना। इसी के चलते हक्कू जाटव बीते हुये दिवस घर आकर गंदी गंदी गालिया देते हुये जबरन पति की उधारी के पैसा मांग तो पत्नी द्वारा देने से इंकार किये जाने के चलते वापिस चला गया। मगर जब प्रार्थिया अपने किसी काम से कही जा रही थी तो आरोपी द्वारा झंडाचौक पर पति द्वारा शराब पीने के लिये उधार लिये पैसों की बात को लेकर प्रार्थिया को गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई और कहा कि यदि तेरे पति द्वारा लिये गये पैसा तूने वापिस नही किये तो जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थिया की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### उधारी के पैसों को लेकर की गई मारपीट

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर के राधा बल्लभ वार्ड निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसने प्रियांशु शर्मा से घटना के एक माह पहले दस हजार रूपया उधार लिये थें जो समय पर पैसा नही दिये जाने कीब ात को लेकर बीते हुये दिवस प्रियांशु शर्मा जब पानी टंकी के पास मिला तो पैसों की बात को लेकर गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई इस दौरान प्रार्थी के साथ सत्यम राजपूत व तुषार राजपूत द्वारा बीच बचाव करने का प्रयास किया गया तो प्रियांशु शर्मा ने अपने साथी अभिषेख गोस्वामी के साथ मिलकर उनके साथ भी मारपीट की गई इस दौरान उनका एक साथी दिपांशु भी आया उसने भी प्रार्थी सहित उसके साथियों के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी प्रियांशु शर्मा अभिषेख गोस्वामी व एक अन्य साथी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### पैसों के लेनदेन पर हुआ विवाद

**गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर के शहीद भगत सिंह वार्ड निवासी व नगर पालिका सांईखेडा में वार्ड प्रभारी के पद पर पदस्थ एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मैने हर्ष नामदेव को एक माह पहले 15 हजार रूपया उसके पिता के ईलाज हेतु उधार दिये थें। जब हर्ष नामदेव द्वारा पैसा वापिस नही दिये तो मैने उसके घर उसकी माँ से उधार दिये पैसे हर्ष से दिलाने की बात कही गई तो माँ बोली की कुछ दिन बाद लौटा देगे। इसी बात को लेकर बीते हुये दिवस हर्ष द्वारा फोन पर गंदी गंदी गालिया देते हुये बोला की कोई पैसा वापिस नही मिलेगे और कहा कि पानी टंकी के पास मिल। जब मै पानी टंकी के पास गया तो वहां पर सत्य राजपूत अपने साथी हर्ष के साथ मिला और गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट की गई तथा सत्य ने पत्थर उठाकर मारते हुये चोट पहुंचाई उसी दौरान जब प्रार्थी का भाई दीपांशु शर्मा वहां पहुंचा तो उसके साथ भी मारपीट की गई।

### मोटर साईकिल चालक पर हुआ मामला दर्ज

**गाडरवारा।** निरंजन वार्ड निवासी राहुल पिता राम कुमार बेलवंशी उम्र 21 साल जब अपनी मोटर साईकिल से कही जा रहा था उसी दौरान मोटर साईकिल क्रमांक MP49MQ0760 के चालक राहुल कहार पिता ओमप्रकाश कहार उम्र 20 वर्ष निवासी कोडिया द्वारा अपनी मोटर साईकिल को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये राहुल की मोटर साईकिल में टक्कर मारे जाने के कारण राहुल बेलवंशी की मौत होने के चलते पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।



# शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक प्राचार्यों की बैठक, दिये जरूरी दिशा निर्देश



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** शनिवार को स्थानीय शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संचालय जबलपुर संभाग डॉ प्राचीस जैन के आगमन पर साईखेड़ा एवं चीचली ब्लॉक के प्राचायों की बैठक आयोजित की गई। बताया जाता है कि इस बैठक में सर्वप्रथम जैन का स्वागत बीईओ सुश्री सीमा डोंगरे, नीलम मरावी के आलवा प्राचार्य प्रतुल इंदुरख्या, सुनीता पटैल, एस के मिश्रा, सुशील शर्मा एवं शिक्षक संदर्भ समूह से सिराज अहमद सिद्धिकी, मधुसूदन पटैल, पवन राजौरिया ने किया गया। वही बैठक को सम्बोधित करते हुए डॉ प्राचीस जैन ने कहा कि नए शिक्षा सत्र में एक नई उमंग, नए उद्धेश्य को लेकर कार्य करें। क्योंकि अभिभावक जिस तरह हम लोगों पर विश्वास करते हुये अपने बच्चों को सौपते है तो उनकी उम्मीद पर हम लोगों को खरा तउरने का दायित्व होता है। हमे शासकीय शिक्षण संस्थाओं की सूरत बदलने का प्रयास करना है। क्योंकि नये शिक्षा सत्र को चुनौती वर्ष मानकर कार्य करें एवं हम इस वर्ष और बेहतर करेंगे ऐसा ध्येय सभी का हो। बताया जाता है कि बैठक में सयुक्त संचालक जैन ने कहा कि मेधावी छात्र छात्राओं के टैबलेट हेतु जिन छात्र छात्राओं के खातों की प्रविष्टि शेष है एवं हाई व हायर सेकंडरी परीक्षा के द्वितीय अवसर की परीक्षा हेतु जिन भी छात्र छात्राओं ने आवेदन नहीं भरे है

# शादी में गाना बजाने की बात को लेकर हुआ विवाद

## दूल्हा के पिता ने रिश्तेदारों के साथ मिलकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।



कभी कभी देखा जाता है कि गांवों में छोटी सी बात इतना बड़ा रूप धारण कर लेती है जो विवाद का कारण बनने के साथ साथ हत्या जैसी घटनाओं तक पहुंच जाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम मारेगांव में देखने मिली है जहां शादी समारोह के दौरान गाना बजाने की बात को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि दूल्हा के पिता ने अपने रिस्तेदारों के साथ मिलकर एक व्यक्ति की लाठियों से मारपीट करते हुये हत्या की घटना को अंजाम दे डाला। घटना के संबंध में बताया जाता है कि ग्राम मारेगांव निवासी भूरा बंशकार के बेटा रंजीत बंशकार की शादी का आयोजन 7 जून को था। इस दौरान लगभग सभी रिस्तेदार एकत्र होते थें और गांव का महेन्द्र पिता मलखान बंशकार भी शामिल था। बीते हुये शुक्रवार की रात यानि की शादी के एक दिन पहले गाना बजाने की बात को लेकर विवाद हो गया और देखते ही देखते विवाद यहां तक पहुंच गया कि दूल्हा का पिता यानि की भूरा ने अपने पुत्र नीरज वंशकार व रिस्तेदार राजे बंशकार निवासी ग्राम भैसा, प्रशांत बंशकार निवासी करेली के साथ मिलकर महेन्द्र पिता मलखान बंशकार उम्र लगभग 33 साल के साथ लात घूंसो सहित लाठियों से मारपीट की गई जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वही जब घायल अवस्था में महेन्द्र को उपचार हेतु शासकीय चिकित्सालय ले जाया गया तो वहां पर डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। इस तरह घटित हुई घटना की जानकारी मिलते ही जहां मौके पर पुलिस ने पहुंचकर मृतक के शव का पंचनामा बनाते हुये पोस्ट मार्टम उपरांत परिजनों को सौप दिया गया। वही घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी मृतक भाई गोपाल पिता मलखान बंशकार की शिकायत पर आरोपी भूरा पिता मुल्लू बंशकार, नीरज पिता भूरा बंशकार सहित रिस्तेदार राजू बंशकार निवासी ग्राम भैसा, प्रशांत बंशकार निवासी करेली के खिलाफ हत्या का मामला कायम करते हुये मामले को जांच में लिया गया है। इस तरह शादी समारोह के बीच गाना बजाने की बात को लेकर शुरू हुये विवाद ने जहां हत्या का स्वरूप धारण कर लिया गया। वही जिस पिता को 7 जून में अपने बेटी की बारात लेकर दुल्हन लेने के लिये जाना था। वह उसी तारीख में पुलिस की गिरप्त में आने से नही चूक पाया है। इस तरह शादी की खुशियों के बीच ग्राम मारेगांव में जहां बंशकार समाज के एक परिवार में मताम का महौल देखने मिल रहा है तो शादी वाले परिवार में जिस दूल्हा के पिता ने अपने बेटे की शादी में झूमने का सपना संजाया गया था वह सलाखों के बीच नजर आने से नही चूका पाया है..?

# राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ ने मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री से मुलाकात की लगाई गुहार







हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

निश्चित तौर से क्षेत्र के किसानों द्वारा अपने खेंतों में गर्मी सीजन की मूंग फसल लगाते हुये अनेक प्रकार के सपने संजोये गये थें। क्योंकि मूंग फसल बीते हुये कई सालों से किसानों के लिये आर्थिक रूप से काफी हद तक राहत पहुंचाते हुये देखी जा रही थी। वैसे तो देखा जावे कि मूंग फसल को लगाने के बाद उसे तैयार करने में किसानों को काफी लागत लगाने के लिये मजबूर होना पड़ता है। मगर सरकार द्वारा हर साल किसानों की मूंग फसल को समर्थन मूल्य पर खरीदी किये जाने के कारण जहां किसानों द्वारा लगाई गई लागत खड़ी हो जाती थी और वह अपने अन्य जरूरतों की पूर्ति भी कर लेते थें। इसी के चलते हर साल गाडरवारा क्षेत्र में मूंग फसल के रकवा में बढ़ोत्तरी होते हुये देखी जा रही थी। इस तरह बीते हुये अप्रेल माह में किसानों द्वारा अपने खेतों में मूंग फसल की बोनी करते हुये चिलचिलाती धूप के बीच रात दिन एक करते हुये उसकी सिंचाई करने के साथ साथ कीटों को बचाने के लिये अनेक प्रकार के छिडकाव करने के लिये कर्जदार बनते हुये फसल को तैयार कर लिया गया। मगर जब उस मूंग फसल का विक्रय करने का समय आया तो सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर किसानों की मूंग फसल को खरीदने के लिये किसी तरह की योजना नही बनाये जाने के चलते अन्नदाताओं के आक्रोश का महौल देखने मिल रहा है। वही दूसरी ओर आये दिन जनप्रतिनिधियों द्वारा दिये जाने वाले वकत्व के विडियों वायरल होने से किसानों को इस बात का अहसास हो रहा है कि सरकार द्वारा इस वर्ष किसानों की गर्मी मौसम की मूंग फसल को समर्थन मूल्य पर नही खरीदने का मन बना लिया गया है..? इस तरह अपनी मूंग फसल को समर्थन मूल्य पर खरीदने की मांग करते हुये बीते हुये दिवस क्षेत्र के किसानों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में अनोखा प्रदर्शन करते हुये अर्धनग्न अवस्था में घुटने के बल रेगते हुये एसडीएम के समक्ष पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया था। मगर शासन द्वारा मूंग खरीदी को लेकर अभी तक किसी भी प्रकार से कोई प्रक्रिया शुरू नही किये जाने के चलते जहां किसानों में गुस्सा देखने मिल रहा है। इसी के चलते बीते हुये शनिवार को नगर की एक निजी होटल में राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ जिला इकाई द्वारा एक पत्रकार वार्ता का आयोजन करते हुये मीडिया के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री तक यह बात पहुंचाने का आग्रह किया गया है कि कल 9 जून को प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव का गाडरवारा आगमन के लिये तैयारिया चल रही है और उनका दौरा कार्यक्रम प्रस्तावित है। राष्ट्रीय किसान संघ की मांग है कि मुख्यमंत्री हमारे एक प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात करते हुये हमारी परेशानी को समझे। पत्रकार वार्ता के दौरान किसान मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि सरकार को इस वर्ष मूंग फसल नही खरीदना था तो यह बात पहले ही स्पष्ट कर देना थी जिससे क्षेत्र के किसान मूंग फसल को तैयार करने में इतनी लागत लगाते हुये कर्जदार बनने से बच जाते। क्योंकि बीते हुये कई सालों से सरकार द्वारा गर्मी सीजन की मूंग फसल को समर्थन मूल्य पर खरीदते चली आ रही है। मगर इस तरह अचानक मूंग फसल को नही खरीदे जाने के कारण आज गरीब किसान व्यापारियों के पास अपनी मूंग फसल को जिस दर पर बेच रहा है उसमें जहां उसकी लागत खड़ी नही हो रही है। किसानों का कहना है कि मूंग फसल को लेकर आरोप लगाये जा रहे है कि यह जहरीली हो चुकी है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि बाजार में कीटों से बचाव को लेकर जो दबाईयाँ विक्रय हो रही है उनका निर्माण किसानों द्वारा तो किया नही जा रहा है। जब वह दबाईयाँ जहरीली है तो फिर उनका विक्रय बंद कराना चाहिये। जहरीली दबाईयों का निर्माण करने वाली कंपनियों विक्रेताओं के खिलाफ कार्यवाही करने की जगह गरीब अन्नदाताओं के साथ यह अन्याय राष्ट्रीय किसान मजदूर कभी सहन नही करेगा। यदि कल 9 जून को गाडरवारा आगमन के दौरान प्रदेश के मुखिया द्वारा हमारे प्रतिनिधि मंडल से मिलने का अवसर प्रदान नही किया गया तो फिर हम लोग उग्र आंदोलन के लिये मजूबर हो जावेगे जिसकी जिम्मेदार प्रदेश सरकार की होगी...? इस तरह राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ द्वारा आयोजित की गई पत्रकार वार्ता के दौरान जहां प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलने के लिये गुहार लगाई गई है तो दूसरी ओर यदि मिलने का समय नही दिया गया तो उग्र आंदोलन क चेतावनी भी दी गई है..? पत्रकार वार्ता के दौरान बसंत खैरोनिया जिला संरक्षक, आनंद कौरव, मुकेश कौरव, राजेन्द्र प्रताप सिंट बंटी, गिरधारी लाल पटैल तेंदूखेड़ा, छोटे लाल पटैल, सतीश पटैल जिला मिडिया प्रभारी, यशवंत पटैल, रघुवर पटैल, राजेश खैरोनिया, मुन्ना लाल पटैल सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थें।

### डीजे में गाना बदलने की बात को लेकर हुई मारपीट

**गाडरवारा।** इस समय चल रही शादियों की धूम के दौरान जहां आम लोगों के लिये डीजे का उपयोग घातक बनते हुये तो देखा ही जा रहा है। वही दूसरी ओर बारातियों के बीच भी डीजे को लेकर आये दिन विवाद की स्थिति पैदा होते हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस ग्राम कौड़िया में देखने मिली जहां पर डीजे पर गाना बदलने की बात को लेकर मारपीट की घटना सामने आई है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा. ) एवं नजूल अधिकारी गाडरवारा, जिला - नरसिंहपुर (म. प्र. )
अनुविभागीय कार्यालय, तहसील परिसर गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर 487551 फोन न. 07791-255732,
E-mail:- sdmgadarwara121@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्रमांक- 0007 अ - 20 (4)
वर्ष :- 2025-26 के तहत जारी

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमलेश, नरेश पिता स्व. छोटेलाल कहार निवासी - मातावार्ड, गाडरवारा, तहसील- गाडरवारा, जिला - नरसिंहपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि नजूल नगर गाडरवारा स्थित आबादी खसरा नंबर 394 में से 18x20 = 300 वर्गफुट का पट्टा श्रीमती दशोदा पत्नी स्व. छोटेलाल कहार निवासी - मातावार्ड, गाडरवारा को दिया गया था, जो आवेदकों की माँ थी, जिनका निधन दिनांक 13.08.2021 को तथा आवेदको के पिता छोटेलाल कहार का दिनांक 27.09.2008 को निधन हो गया है, जिनके विधिक वारिस आवेदकगण है, नियमानुसार फौती नामांतरण किया जावे। अपने आवेदन पत्र के साथ 100 रूपये का आवेदन शुल्क का चालान, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, प्ररूप -ग का पट्टा, आधार पत्रों की छाया प्रतियां प्रस्तुत की गई है, जिनके तहत् प्रकरण संस्थित कर मेरे द्वारा विचारण में लिया गया है। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति अथवा दावे प्रस्तुत करना हो तो सुनवाई दिनांक 25.6.2025 को मेरे समक्ष स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत अभिभाषक के माध्यम से विधिवत लिखित रूप से दावा / आपत्ति पुष्टि के दस्तावेजों सहित दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय सीमा के पश्चात प्राप्त होने वाले दावे आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 03.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी ।

जारी दिनांक- 03.06.2025
सुनवाई दिनांक - 25.06.2025

सील

अनुविभागीय अधिकारी
(राजस्व) एवं नजूल अधिकारी गाडरवारा

# शक्ति चेतना पार्टी ने मनाया स्थापना दिवस, नशामुक्ति को लेकर निकाली सद्भावना पदयात्रा

**हरिभूमि, डिंडौरी।** 7 जून को भारतीय शक्ति चेतना पार्टी (भा.श.चे.पा.) के स्थापना दिवस के अवसर पर नशामुक्ति को लेकर जिला मुख्यालय में एक प्रभावशाली सद्भावना पदयात्रा का आयोजन किया गया। भगवती मानव कल्याण संगठन और शक्ति चेतना पार्टी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस पदयात्रा की शुरुआत समनापुर तिराहा से हुई, जो कॉलेज तिराहे तक संपन्न हुई।पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्र सिंह कुशराम ने इस अवसर पर कहा कि डिंडोरी जिला मां नर्मदा की गोद में बसा एक पवित्र स्थल है, जहां शराब दुकानों पर प्रतिबंध है। बावजूद इसके, जिले भर में अवैध शराब का व्यापार खुलेआम फल-फूल रहा है, जो अत्यंत चिंता का विषय है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस अवैध कारोबार पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में शक्ति चेतना पार्टी और भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल हुए। पार्टी के प्रांतीय प्रवक्ता भोला सिंह राठौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान राजनीति में अनेक नेता गरीबों की बात करके स्वयं करोड़पति बन जाते हैं और भ्रष्टाचार फैलाते हैं, जिससे आम जनता को न तो शिक्षा, न स्वास्थ्य और न ही न्याय मिल पाता है। उन्होंने कहा कि अब समाज को एक अनुशासित और सच्चे जनहितैषी दल की जरूरत है, जिसे शक्ति चेतना पार्टी पूरा कर सकती है। इस पदयात्रा के माध्यम से संगठन ने एक बार फिर से स्पष्ट संदेश दिया कि वह सामाजिक बुराइयों के खिलाफ मुखर होकर जनजागरण के अभियान को आगे बढ़ा रहा है। जिला मुख्यालय के साथ-साथ जिले के विभिन्न ब्लॉकों और तहसीलों से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम




## खबर संक्षेप

### बाजार क्षेत्र से शराब दुकान हटाने व अवैध शराब के अड्डों पर कार्यवाही की मांग

**हरिभूमि न्यूज कोतमा ।** नगर के आबादी परिसर बस स्टैंड, स्टेट बैंक शाखा एवं बाजार क्षेत्र वार्ड 4 में स्थित शराब दुकान हटाने को लेकर वार्डवासियों द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा है।शराब दुकान हटाने को लेकर वार्डवासियों द्वारा जिला कलेक्टर, आबकारी विभाग, नगर पालिका सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को शिकायत करते हुए दुकान हटाने की मांग की गई थी।लेकिन शराब दुकान हटाने को लेकर कोई कार्यवाही नहीं हो सकी आलम यह है की मुख्य मार्ग में संचालित शराब दुकान के सामने व आसपास लगी मीट एवं अंडे की दुकानों में बैठकर शराब का सेवन करते हैं और अश्लील गाली गलौज करते हुए देर रात तक हंगामा किया जाता है। जिससे वार्डवासी परेशान रहते है। बस स्टैंड के पास शराब दुकान होने की वजह से देर रात तक राहगीर एवं नागरिकों का आना-जाना बना रहता है जो कि इन नशाखोरों की गाली गलौज एवं अभद्र भाषण से शर्मसार होने को मजबूर रहते हैं। शराब दुकान के कारण ही एक दर्जन से ज्यादा ठेले की दुकान होने के कारण शराबी वहीं बैठकर शराब का सेवन करते हैं और रोड में ही खाली बोतल व मीट फेक दिये जाने से लोगों में जमकर नाराजगी बनी रहती है। नगर एवं वार्डवासियों द्वारा सैकड़ो की संख्या में कई बार मंत्री दिलीप जायसवाल से मिलकर होने वाली गतिविधियों व परेशानी को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए शराब दुकान हटाए जाने की मांग भी की जा चुकी है। लेकिन अभी तक प्रशासन द्वारा दुकान हटाने संबंधी कार्यवाही नहीं कर रही है। शराब दुकान से प्रताड़ित वार्ड के प्रकाश गुप्ता, प्रदीप उपाध्याय, धर्मेंद्र वर्मा, रामकुमार, श्यामलाल, मोहिनी वर्मा, रमा गुप्ता, अंजली मिश्रा, रज्जू सोनी संजय गुप्ता सहित अन्य लोगों का कहना है कि शराब दुकान के कारण शाम ढलते हो शराबखोरी एवं हंगामा शुरू हो जाता है जो देर रात जारी रहता है। शराब दुकान के कारण व्यापार भी प्रभावित हो रहा दूसरी ओर घर की महिलाएं बाहर नहीं निकल पा रही। नागरिकों ने जिला प्रशासन एवं आबकारी विभाग से बाजार क्षेत्र से शराब दुकान हटाने एवं शराब दुकान के पास खुले अवैध शराब के अड्डों पर कार्यवाही की मांग की गई है।

### एकादशी पर श्रद्धालुओं ने पवित्र नर्मदा में किया स्नान



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पावन पवित्र नगरी अमरकंटक में एकादशी के पावन पुण्य अवसर पर हजारों भक्त श्रद्धालुओं ने पावन सलिला मां नर्मदा जी के कोटि तीर्थ घाट कुंड रामघाट में आस्था की डुबकी लगाई एकादशी के उपलक्ष्य लगभग 30 हजार से भी अधिक भक्त श्रद्धालु दर्शनार्थियों द्वारा पूरे भक्ति भाव के साथ स्नान दर्शन कर विधिवत पूजन अर्चन किया गया रामघाट एवं कोटि तीर्थ कुंड में सुबह से ही भारी भीड़ भाड़ डुबकी लगाने स्नान करने जमा रही। उल्लेखनीय है कि जेष्ठ मास शुक्ल पक्ष एकादशी हस्त नक्षत्र के योग पर भारी संख्या में भक्त श्रद्धालुओं द्वारा नर्मदा में स्नान दर्शन पुण्य लाभ लिया तथा पूजन अर्चन कर मन्नत मांगी। एकादशी के शुभ अवसर पर दर्शनार्थियों तीर्थ यात्रियों भक्त श्रद्धालुओं सुबह से ही घाटों पर स्नान डुबकी लगाते रहे तथा कतारबद्ध होकर नर्मदा मंदिर में मां नर्मदा का दर्शन किया इस उपलक्ष पर पूरे अमरकंटक नगर में सभी जगह भारी भीड़ भाड़ रही जो शाम होने तक भीड़ बनी रहे। इतनी भीड़ भाड़ गंगा दशहरा के अवसर पर नहीं थी जो आज अप्रत्याशित रूप से भारी भीड़ रही। एकादशी के पावन अवसर पर अचानक रूप से आई भारी भीड़ से व्यापारी भी अच्छे खासे उत्साहित प्रसन्नचित रहे उन्होंने इसका लाभ लिया और अच्छा व्यापार हुआ।

## अपर कलेक्टर के आदेश के बावजूद शासकीय भूमि का नहीं हुआ रिकॉर्ड सुधार, ग्राम पंचायत और ग्रामीण परेशान



**अमरपुर (डिंडौरी)।** ग्राम पंचायत देवरी की शासकीय भूमि को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां अपर कलेक्टर डिंडौरी द्वारा पारित आदेश के बावजूद छह महीने बाद भी राजस्व रिकॉर्ड में संशोधन नहीं किया गया है। इससे न केवल पंचायत पदाधिकारी, बल्कि गांव के भोले-भाले किसान भी परेशान हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम देवरी (प.ह.नं. 94), राजस्व निरीक्षक मंडल अमरपुर अंतर्गत स्थित पुराना खसरा नंबर 194/1 क, नया खसरा नंबर 72 रकबा 0.75 हेक्टेयर भूमि, वर्ष 1981-82 से 2000-01 तक शासकीय मद ₹घास भूमि₹ के रूप में दर्ज थी और कैफियत कॉलम में इसे ₹मरघट₹ बताया गया था।परंतु वर्ष 2001-02 में इस भूमि का खसरा नंबर 72 उपविभाजित कर विभिन्न व्यक्तियों के नाम दर्ज कर दिया गया, जिससे खसरा नं. 72/1 रकवा 0.20 हे. सुशील पिता कुशेलाल, अमर सिंह पिता कुशेलाल खसरा नं. 72/2 रकवा 0.14 हे. लख्खू पिता नान्हू, खसरा नं. 72/3 रकवा 0.21 हे. नान्हू पिता मुकंदी, खसरा नं. 72/4 रकवा 0.10 हे. सुशील कुमार, अमर सिंह पिता कुशेलाल खसरा नं. 72/5 रकवा 0.10 हे. गजेश सिंह पिता सुशील कुमार खसरा नं. 72/6 रकवा 0.40 हे. सुशील, अमर सिंह पिता कुशेलाल के नाम हस्तलिखित खसरा में दर्ज हैं। इस प्रकार खसरा नं. 72 रकवा 0.75 का 6 बंटाकन कर कुल रकवा 1.15 हे. कर दिया गया जो वास्तविक रकवा से 0.40 हे. अधिक दर्ज कर दिया गया हैं।कुल रकबा 0.75 हेक्टेयर की भूमि को मनमाने तरीके से 1.15 हेक्टेयर में परिवर्तित कर दिया गया। यह न केवल भूमि की मात्रा में 0.40 हेक्टेयर की अनियमित वृद्धि दर्शाता है, बल्कि इससे शासकीय भूमि का अवैध रूप से बंटाकन कर उसे निजी संपत्ति में तब्दील कर दिया गया, जो स्पष्ट रूप से गंभीर राजस्व अपराध की श्रेणी में आता है। उक्त मामले में ग्राम पंचायत देवरी ने पहले एसडीएम राजस्व डिंडौरी के आदेश दिनांक 10 अक्टूबर 2019 से असंतुष्ट होकर म.प्र. भू-राजस्व संहिता की धारा 44 के तहत दिनांक 9 फरवरी 2024 को अपर कलेक्टर न्यायालय में अपील की थी। अपर कलेक्टर डिंडौरी ने मामले में निर्णय देते हुए दिनांक 22 नवंबर 2024 को शासकीय भूमि के पक्ष में रिकॉर्ड संशोधन का आदेश जारी किया।हालांकि, आदेश को छह महीने बीत जाने के बावजूद संबंधित भूमि आज भी राजस्व रिकॉर्ड में शासकीय मद में दर्ज नहीं हो पाई है। ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों ने कई बार पटवारी और राजस्व निरीक्षक से इस विषय में निवेदन किया, लेकिन कोई सुधार नहीं किया गया।गौरतलब है कि शासन द्वारा त्रुटि सुधार, नामांतरण और रिकॉर्ड संशोधन के लिए अभियान चलाया जा रहा है, इसके बावजूद किसानों की समस्याएं कम होती नहीं दिख रहीं। अमरपुर उप-तहसील कार्यालय में लगातार किसानों की भीड़ यही संकेत देती है कि राजस्व अमला, विशेषकर मैदानी कर्मचारी, या तो अपने मुख्यालय पर नहीं रहते या फिर उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं।स्थिति यह है कि जिन लोगों के नाम अवैध रूप से खसरा में दर्ज किए गए, वे अब उक्त भूमि पर मकान निर्माण भी कर चुके हैं। जब तक भूमि शासकीय मद में दर्ज नहीं होती, तब तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी नहीं की जा सकती। इस समूचे घटनाक्रम ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं और ग्रामीणों में गहरी नाराजगी व्याप्त है। आवश्यकता इस बात की है कि उच्च अधिकारी हस्तक्षेप कर तत्काल प्रभाव से रिकॉर्ड में सुधार सुनिश्चित कराएं, ताकि शासकीय भूमि की रक्षा हो सके और ग्रामीणों को राहत मिल सके।

## संयुक्त टीम की तत्परता से टला बाल विवाह, परिजनों ने दी बालिग होने तक विवाह न करने की सहमति



**डिण्डोरी।** ग्राम भाजीटोला (विकासखंड समनापुर) में संभावित बाल विवाह की सूचना पर महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग बालिका का विवाह रुकवाया।मिली सूचना के आधार पर टीम ने ग्राम में पहुंचकर मामले की जांच की। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि बालिका की जन्मतिथि 2 सितंबर 2007 है, जिससे उसकी आयु 17 वर्ष 8 माह पाई गई। यह प्रस्तावित विवाह बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों के तहत अवैध माना गया। टीम द्वारा बालिका के परिजनों को कानून संबंधी जानकारी देते हुए बाल विवाह से होने वाले सामाजिक और मानसिक दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से समझाया गया। समझाइश के बाद परिजनों ने विवाह को निरस्त करने की सहमति प्रदान की और यह आश्वासन दिया कि बालिका के बालिग होने तक उसका विवाह नहीं किया जाएगा।

## आकाश नामदेव बने भाजपा अमरपुर मंडल अध्यक्ष, बम्हनी मंडल की कमान माधव सिंह टेकाम को मिली

**डिण्डौरी।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक विस्तार करते हुए डिण्डौरी जिले के दो मंडलों में नए मंडल अध्यक्षों की घोषणा की है। अमरपुर मंडल की कमान अब आकाश नामदेव को सौंपी गई है, जबकि बम्हनी मंडल अध्यक्ष के रूप में माधव सिंह टेकाम की नियुक्ति की गई है।प्रदेश नेतृत्व द्वारा किए गए इस नियुक्ति आदेश को संगठन सुदृढ़ीकरण की



दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। नए मंडल अध्यक्षों से उम्मीद की जा रही है कि वे बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करेंगे और आगामी चुनावों में पार्टी को बेहतर परिणाम दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने दोनों नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को छुएगा।

## कैबिनेट की अगली बैठक मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक में संभावित

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर

मध्य प्रदेश के मोहन यादव की सरकार जन कल्याण के फैसलों के साथ अब अपने लगभग दो वर्ष के कार्यकाल मे चार ऐतिहासिक जगहों पर कैबिनेट की बैठक कर चुकी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आने वाले समय मे सरकार मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक मे भी कैबिनेट की बैठक करने जा रही है। जानकारी के मुताबिक इसके पहले मोहन सरकार ने चार डेस्टिनेशन कैबिनेट बैठक कर चुकी है, इसकी शुरूआत दमोह जिले के सिंग्रामपुर जहां रानी दुर्गावती से जुडे प्रसिद्ध स्थान है वही देवी अहिल्या बाई की याद मे महेश्वर और इंदौर के राजवाडा मे बैठक हो चुकी है। कुछ दिनो पूर्व ही चौथी बैठक मध्य प्रदेश के कश्मीर कहे जाने वाले पचमढी मे देखी गई। मोहन सरकारी की सोच है कि प्रदेश के इन स्थलों का वर्षो से इतिहास रहा है। जब अमरकंटक मे कैबिनेट की बैठक तय होगी तो उस दिन से लेकर संबंधित स्थल की पूछपरख तो बढेगी ही साथ ही वहां के लोगों को रोजगार मिलने की संभावना भी बढ जायेगी। संभवतः आगामी पांचवीं बैठक मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक मे हो सकती है।

## शहपुरा में डंपर ने मोटर साइकिल को मारी टक्कर तीन लोग घायल, अस्पताल में चल रहा इलाज



**डिण्डौरी, शहपुरा।** नगर के बनवासी स्कूल के पास शनिवार दोपहर एक तेज़ रफ्तार डंपर ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे मोटरसाइकिल सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डंपर ने पहले मोटरसाइकिल को टक्कर मारी और फिर उसे रौंदते हुए मौके से निकल गया। घटना के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।बताया जा रहा है कि यह डंपर शहपुरा के भाजपा नेता का है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार चालक की तलाश जारी है। घायलों की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से ऐसे भारी वाहनों की आवाजाही पर नियंत्रण की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

## आमाडांड परियोजना के सब एरिया मैनेजर का आकस्मिक निधन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** SECL के जमुना-कोतमा क्षेत्र की आमाडाड़ खुली खदान परियोजना में पदस्थ सब एरिया मैनेजर विपिन कुमार का 3 जून को हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। उनकी इस असामयिक विदाई ने न सिर्फ SECL परिवार, बल्कि पूरे कोतमा क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। इस खबर के फैलते ही परियोजना परिसर, कर्मचारी वर्ग, ग्रामीण समाज और वरिष्ठ अधिकारियों के बीच गहरा शोक छा गया। विपिन कुमार को उनके सहयोगी, अधीनस्थ कर्मचारी और क्षेत्रीय ग्रामीण एक कर्मठ, सज्जन, व्यवहारशील और संवेदनशील अधिकारी के रूप में जानते थे। उन्होंने अपनी सेवा के वर्षों में यह सिद्ध किया कि प्रशासनिक पद पर बैठकर भी कोई व्यक्ति जनसेवा, संवेदना और सहानुभूति को सर्वोच्च प्राथमिकता दे सकता है। विपिन जी की छवि



एक ऐसे अधिकारी की थी जो हमेशा गरीब, मजदूर और ग्रामीण जनता के सुख-दुख में सहभागी रहते थे। आमाडाड़ परियोजना के अंतर्गत आने वाले कई गांवों के लोगों ने बताया कि जब भी कोई संकट आता, विपिन सबसे पहले सामने खड़े नजर आते थे। प्रोजेक्ट प्रबंधन में विपिन कुमार जी का योगदान अतुलनीय रहा है। उन्होंने हमेशा कर्तव्य को धर्म माना और अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और मानवता के साथ किया। वे अपने कार्यक्षेत्र में समयबद्ध उपस्थिति, निर्णय लेने की क्षमता और सहकर्मियों के साथ सामंजस्य के लिए जाने जाते थे। उनकी नेतृत्व शैली न केवल प्रभावशाली थी, बल्कि युवा अधिकारियों के लिए एक आदर्श और मार्गदर्शक के रूप में भी थी। श्री विपिन कुमार के असामयिक निधन से SECL आमाडाड़ परियोजना ने न केवल एक अधिकारी, बल्कि एक संवेदनशील नेतृत्वकर्ता, एक सच्चा जनसेवक और एक इंसानियत का प्रतीक खो दिया है। उनकी जगह कोई नहीं ले सकता, क्योंकि वे अपने पीछे संवेदना, सेवा और प्रेरणा की एक अमिट छवि छोड़ गए हैं। विपिन कुमार जैसे लोग इस धरती पर कम ही आते हैं। वे भले आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी सेवा, सहानुभूति और कर्म की गूंज हमेशा सुनाई देती रहेगी। ईश्वर से यही प्रार्थना है कि वे दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके शोकसंतप्त परिवार को इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति दे।

## नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आधार बनवाने व सुधारने लगाए जा रहे कैम्प

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार जिले के सभी नगरीय निकायों के वार्डो तथा ग्राम पंचायतो में विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ लिए जाने हेतु नागरिकों के आधार कार्ड में आवश्यक सुधार व नए आधार कार्ड बनाए जाने हेतु ग्राम पंचायत व वार्डवार आधार कैम्प का आयोजन सोमवार 2 जून से प्रातः 10 से शायं 6 तक प्रतिदिन अलग-अलग वार्ड व ग्राम पंचायत में किया जा रहा है। जिसके तहत अब तक 989 नागरिकों के आधार कार्डों में आवश्यक सुधार कार्य एवं 121 नागरिकों के नए आधार कार्ड बनाए गए हैं। कलेक्टर ने जिले के नागरिकों से नगरीय क्षेत्र में वार्ड प्रभारी या अमले से तथा ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत अमले से आधार शिविर के तिथि की जानकारी प्राप्त कर आधार बनवाने एवं सुधार कार्य का लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

